INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : YUG KARVAT
DATED : 05 MAY, 2011
PAGE NO : 05

आईटीएस में पूल कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित

साहिबाबाद। आईटीएस गाजियाबाद में बीसीए छात्रों के लिए ट्रेक महिन्द्रा लि.नोएडा द्वारा पूल कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर का लाभ उठाने हेतु, एनसीआर के साथ-साथ पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, मेरठ, बरेली आदि स्थानों से लगभग 350 छात्र छात्राएं आईटीएस, यूजी, केम्पस, गाजियाबाद पहुंचे।

टेक महिन्द्रा की ओर से आदित्य शर्मा असिसटेंट मैनिजर, विक्रम वर्मा सीनियर एग्जीक्यूटिव उपस्थित थे। उन्होंने कम्पनी तथा रिक्त पदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो भी छात्र छात्राएं इसमें चयनित होंगे वह रिसर्च एनालिसिस डाटाबेस एडमिन कहलायेंगे तथा उनका वेतन तकरीबन दो लाख रूपये सालाना रहेगा। उन्होंने बताया कि यह चयन प्रक्रिया बीसीए एवं बीएससीआईटी और डिप्लोमा होल्डरों के लिए है। बातचीत के बाद सभी छात्र छात्राओं ने लिखित परीक्षा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसका परिणाम शनिवार दिनांक 7 मई को घोषित किया जायेगा तथा चयनित छात्र छात्राओं को कम्पनी परिसर में साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। इस अवसर पर आईटीएस,यूजी कैम्पस की प्राचार्या डा.सुजाता खंडाई ने कहा ने कहा कि छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा के विकास, पाठ्यक्रम एवं छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास की दिशा में एक आदर्श प्रक्रिया को अपनाया गया है जिससे छात्रों की स्वीकार्यता एवं समायोजन पाठ्यक्रम के समाप्त होने के पूर्व ही सुनिश्चित की जा सके।

Copy To : D.G. Sir.......................
Dire...
Direc...
Princi...
Registr...
Secreta...
Librarian.....